<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति –</u>

<u>राजभाषा शील्ड</u>

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते यह उपक्रमों के नराकास का एक सदस्य है, जिसका मुख्य कार्यालय बीएसएनएल भवन, कोच्ची है । कोचीन शिपयार्ड सक्रिय रूप से नराकास के साथ अपना सहयोग प्रदान करता आ रहा है । कंपनी की सभी गतिविधियों में नराकास भी सकारात्मक रूप से साथ दे रहे हैं ।

नराकास, कोच्ची द्वारा अपने अधीनस्थ आनेवाले सभी कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की सही एवं उचित रूप से निगरानी की जाती है । बेहतर ढंग से राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चित करनेवाले कार्यालयों को नराकास, कोच्ची द्वारा वार्षिक तौर पर राजभाषा शील्ड से पुरस्कृत किया जाता है । इसके साथ –साथ उत्तम राजभाषा गृह पत्रिका केलिए भी पुरस्कार प्रदान किया जाता है ।

<u>कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड हर वर्ष उत्तम राजभाषा कार्यान्वयन केलिए नराकास, कोच्ची से प्रथम पुरस्कार हासिल करता आ रहा है ।</u>

राजभाषा गृह पत्रिका 'सागर रत्न' केलिए पुरस्कार

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक), कोच्ची द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान कार्यालय ने राजभाषा गृह पत्रिका 'सागर रत्न' केलिए द्वितीय पुरस्कार हासिल किया ।